शीर्षप्राथमिकता/महत्वपूर्ण

संख्या:- 452/78-1-2020

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3- समस्त जिलाधिकरी, उ0प्र0।
4- समस्त नगर आयुक्त, उ0प्र0।
5- उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण उ0प्र0।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक: 8, अप्रैल 2020

विषय:- *कोरोना (कोविड-19) से बचाव हेतु आरोग्य सेतु (Aarogya Setu) मोबाइल ऐप के व्यापक प्रचार- प्रसार के संबंध में।*

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आप अवगत हैं कि वर्तमान में कोरोना महामारी देश/प्रदेश में फैली हुई है। इससे बचाव एवं उपचार हेतु उत्तर प्रदेश के समस्त विभाग आपसी सामंजस्य बनाते हुए कार्यरत हैं। कोरोना महामारी से बचाव एवं स्वमूल्यांकन हेतु भारत सरकार द्वारा **"आरोग्य सेतु"** (Aarogya Setu) नाम से एक आधुनिक मोबाइल ऐप का विकास किया गया है, जोकि कोरोना (कोविड-19) वायरस संक्रमण के खतरे एवं जोखिम का आंकलन करने में नागरिकों की मदद करता है। यह मोबाइल ऐप ब्लूटूथ, लोकेशन एवं मोबाइल नंम्बर का उपयोग कर आस-पास मौजूद कोरोना संक्रमित लोगों के बारे में एलर्ट जारी करता है। उक्त मोबाइल ऐप Android/iOS दोनों तरह के मोबाइल आपरेटिंग साफ्टवेयर के लिए उपलब्ध है।

उक्त विशिष्टताओं के अतिरिक्त इसमें राज्यवार कोरोना हेल्पलाइन सेन्टर की सूची भी उपलब्ध करायी जाती है। इस ऐप के माध्यम से उपयोगकर्ता द्वारा किसी भी समय पूर्व निर्धारित प्रश्नों का उत्तर देकर स्वयं अपना मूल्यांकन भी किया जा सकता है। इस ऐप के समस्त डाटा को भारत सरकार द्वारा निजता कानून के तहत सुरक्षित रखा जाता है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त नागरिकों के मध्य इस ऐप का सभी प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए समस्त विभागों के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों/शिक्षकों/छात्रों के साथ ही अधिकाधिक संख्या में जनसामान्य द्वारा इस ऐप का प्रयोग कोरोना महामारी से बचाव हेतु कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

---2

CS Scanned with CamScanner

3- कोरोना महामारी से प्रभावी बचाव करने के लिए इस मोबाइल ऐप को प्रयोग करने हेतु औद्योगिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों के प्रबंधन, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों के साथ-साथ अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी कृपया अनुरोध करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव।

संख्या- 452(1)/78-1-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- आयुक्त,अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव,उ0प्र0 शासन।
4- निदेशक, सूचना को इस आशय से प्रेषित कि इलेक्ट्रानिक /प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें।
5- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इले0 विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- निजी सचिव, विशेष सचिव(एन0/आर0) आई0टी0 एवं इले0 विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

CS Scanned with CamScanner